RNI-NO.MPHIN/2015/64585

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-26 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 30 जुलाई से 05 अगस्त 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# सरकार के बल पर चुनाव नहीं जीता जाता, पार्टी ही जीतती है, बोले यूपी के डिप्टी CM केशव प्रसाद मौर्य

**केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, सिर्फ सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करने से कुछ नहीं होगा. अखिलेश और कांग्रेस की सोशल मीडिया का जवाब देना होगा. पिछड़ा वर्ग को साधने के लिए बीजेपी ने सोमवार को ओबीसी कार्य समिति की बैठक की।**

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बीजेपी की ओबीसी कार्यसमिति की बैठक में माना कि हम अति आत्मविश्वास की वजह से हारे. उन्होंने कहा कि सरकार के बल पर चुनाव नहीं जीता जाता, पार्टी ही चुनाव लड़ती है और पार्टी ही चुनाव जीतती है।

केशव मौर्य ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी में अभी और भगदड़ मचने वाली है. डिप्टी सीएम ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों का जवाब दें. उन्होंने कहा,देखिए मीडिया में बहुत फेंकू लोग भी हैं, क्या मीडिया में चल रहा है, क्या सोशल मीडिया पर चल रहा है इस पर ज्यादा ध्यान न दें लेकिन सतर्क रहें और जवाब दें।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, सिर्फ सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करने से कुछ नहीं होगा. अखिलेश और कांग्रेस की सोशल मीडिया का जवाब देना होगा. पिछड़ा वर्ग को साधने के लिए बीजेपी ने सोमवार को ओबीसी कार्य समिति की बैठक की. बैठक में प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक मौजूद रहे. सीएम योगी के आने से ऐन पहले दोनों डिप्टी सीएम मीटिंग से निकल गए।





# माता प्रसाद पांडेय के जरिये अखिलेश यादव ने BJP को कितना बड़ा चैलेंज दिया है?

उत्तर प्रदेश की राजनीति में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने पीडीए फॉर्मूले के बाद सोशल इंजीनियरिंग का एक और दांव खेला है. माता प्रसाद पांडेय के रूप मे एक ब्राह्मण को यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाकर उन्होंने बीजेपी के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है।

समाजवादी पार्टी मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पांडेय को विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता का दर्जा क्या दिया, यूपी की राजनीति में बवाल मचा हुआ है. सोशल मीडिया पर समाजवादी पार्टी के हाईपर एक्टिव समर्थकों को लग रहा है कि एक ब्राह्मण नेता को सपा मे दूसरे नंबर का पद देकर अखिलेश अपने द्वारा ही बनाए गए पीडीए फॉर्मूले से दूर जा रहे हैं. जो पार्टी के हित में नहीं है. पर दूसरी तरफ ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो यह मानते हैं कि अखिलेश यादव ने ये फैसला लेकर साबित कर दिया है कि अब वे राजनीति में परिपक्व हो चुके हैं. लोकसभा चुनावों में जब उन्होंने गैर यादव कैंडिडेट्स पर दांव खेला तो भी यही कहा गया कि समाजवादी पार्टी के लिए ये ब्लंडर हो सकता है. पर चुनाव परिणाम बताते हैं कि अखिलेश का वह फैसला दूरदर्शी था. इसी तरह एक ब्राह्मण नेता को प्रतिपक्ष के नेता जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी देकर अखिलेश यादव ने एक ऐसा दांव खेला है जो बीजेपी के लिए बहुत मुश्किल होने वाला है।

### 1- क्या बीजेपी में ब्राह्मण उपेक्षित महसूस कर रहे हैं?

यूपी के जातिगत समीकरण में संख्या बल के मामले में ब्राह्मण तीसरे नंबर पर रहे हैं. दलित, यादव के बाद जनसंख्या के लिहाज ब्राह्मण वोट निर्णायक रहे हैं. पर राजनीतिक जागरूकता के कारण हमेशा से प्रदेश की राजनीति में सबसे प्रभावशाली ब्राह्मण ही रहे हैं. मंडल की राजनीति शुरू होने के पहले तक प्रदेश के अधिकतर मुख्यमंत्री ब्राह्मण ही हुआ करते थे. कांग्रेस के पतन के बाद ब्राह्मण वोटर्स का झुकाव बीजेपी की ओर हो गया. यही कारण रहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव और 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने क्रमश: 72% और 80% ब्राह्मण वोट हासिल किए थे. 2022 में यूपी सरकार से तमाम नाराजगियों के बावजूद यह सिलसिला बरकरार रहा. पर बीजेपी में उन्हें वो सम्मान नहीं मिला जो कभी कांग्रेस में मिला करता था।

# विधानसभा सत्र के बीच RLD ने दिया योगी सरकार को दिया बड़ा झटका, लगाए गंभीर आरोप

UPमें विधानसभा सत्र की शुरुआत हो चुकी है. इस बीच राष्ट्रीय लोकदल के नेता और विधायक राजपाल बालियान ने सरकार पर सवाल उठाए हैं.

यूपी विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है. दूसरी ओर यूपी में बीजेपी के सहयोगी दल RLD ने बेलगाम नौकरशाही और भ्रष्टाचार को लेकर सवाल उठाया है. आरएलडी के नेता विधायक दल राजपाल बालियान ने दावा किया कि यूपी में ब्यूरोक्रेट हावी हैं। रालोद विधायक दल के नेता राजपाल बालियान ने कहा कि जन प्रतिनिधियों में आक्रोश है. उन्होंने कहा कि सीएम योगी को चाहिए कि वह अधिकारियों पर कम और जन प्रतिनिधियों पर ज्यादा भरोसा करें। रालोद नेता ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था ठीक है लेकन नेताओं के खिलाफ बातों को मानना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसा है।

### संजय निषाद ने भी उठाए थे सवाल

इससे पहले कैबिनेट मंत्री संजय निषाद भी यह मुद्दा उठा चुके हैं. हालांकि उन्होंने सीएम से मुलाकात के बाद अपने सुर बदल लिए थे. संजय निषाद ने आरोप लगाया था कि अधिकारी, नेताओं की नहीं सुनते. बाद में जब उनकी सीएम योगी से मुलाकात हुई तब उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री हमारे अभिभावक हैं. हमने उनसे शिकायत की है और वह उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

25 जुलाई को मुलाकात के दौरान संजय निषाद ने ष्टरू से की स्क्ष की शिकायत की थी. संजय निषाद ने CM योगी से गोंडा एसपी की शिकायत की थी. गोंडा



के नवाबगंज इलाके में हुई आनंद निषाद की हत्या के मामले में पुलिस की कार्यवाही न करने को लेकर की शिकायत की थी. 10 जुलाई को आनंद निषाद की हत्या हुई थी. संजय निषाद की शिकायत के बाद गोंडा पुलिस हरकत में आई थी. मुलाकात के बाद संजय ने कहा था कि मुख्यमंत्री जी हमारे अभिभावक है. अधिकारी से बात करने पर तुरंत मामले का समाधान हो जाये।

# अरविंद केजरीवाल के तीन मामलों पर हाई कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित, CBI ने सीएम सहित 6 के खिलाफ दायर की चार्जशीट

शराब घोटाले मामले में सीबीआई ने दिल्ली हाई कोर्ट में अरविंद केजरीवाल समेत 6 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई के वकील डीपी सिंह ने कोर्ट से कहा कि जैसे-जैसे मामले की जांच आगे बढ़ी है। उन्हें अरविंद केजरीवाल से जुड़े और सबूत मिले हैं।

दिल्ली हाई कोर्ट में सीबीआई मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई और अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले सहित तीन मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल की गिरफ्तारी गैरकानूनी है। इसपर फैसला सुरक्षित है। अंतरिम जमानत सीबीआई केस में भी फैसला सुरक्षित रखा गया है। इन दोनों मामलों के फैसले को सुरक्षित रखकर सोमवार को रेगुलर बेल नियमित जमानत पर बहस पूरी हो गई है। हाई कोर्ट ने कब तक फैसला सुरक्षित रखा है। इसकी तारीख नहीं दी गई है।

केजरीवाल के खिलाफ दाखिल की गई चार्जशीट

इसके पहले सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि ट्रायल कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। सीबीआई के वकील ने तर्क दिया कि सिर्फ चार्जशीट दाखिल करने से केजरीवाल को नियमित जमानत नहीं मिल जाती।

### केजरीवाल से जुड़े मिले और सबूत

सीबीआई ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया कि जैसे-जैसे उनकी जांच आगे बढ़ी, उन्हें अरविंद केजरीवाल से जुड़े और सबूत मिले। आज दाखिल चार्जशीट में केजरीवाल समेत छह लोगों के नाम हैं, लेकिन उनमें से पांच को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

संपादकीय

**ममता बनर्जी का केंद्र सरकार के साथ टकराव किसी से छिपा नहीं है और न यह पहला मौका था जब वे किसी बैठक या सभा के बीच से उठ कर बाहर निकल आईं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कब, किस मामले में क्या कदम उठा लेंगी, कई बार समझना मुश्किल होता है। नीति आयोग की बैठक में शिरकत करने का उनका रवैया भी कुछ वैसा ही था। जब विपक्षी धड़े के मुख्यमंत्रियों ने उस बैठक के बहिष्कार का आह्वान किया, तब ममता बनर्जी ने संघीय तकाजे को ऊपर रखते हुए उसमें जाने की घोषणा कर दी।**

# तकरार की नीति, सत्ता पक्ष के खिलाफ ममता बनर्जी का कदम और संघीय मर्यादा



वे उस बैठक में गईं, मगर चलती बैठक से तमतमा कर बाहर निकल आईं। उनका कहना था कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री को बीस मिनट बोलने का समय दिया गया, अन्य मुख्यमंत्रियों को भी दस मिनट से अधिक बोलने दिया गया, मगर उन्हें पांच मिनट बाद ही बोलने से रोक दिया गया। उनका कहना है कि पश्चिम बंगाल के लिए वित्तीय आबंटन की मांग उठाने पर उनका माइक बंद कर दिया गया। इसे लेकर सत्तापक्ष उन पर हमलावर है।

### वित्तमंत्री ने कहा- सभी के लिए समय निर्धारित था

वित्तमंत्री ने सफाई दी है कि हर किसी के लिए समय निर्धारित था और उसी के हिसाब से उन्हें बोलने का मौका दिया गया; ममता बनर्जी का यह आरोप सरासर गलत है कि उनका माइक बंद कर दिया गया। जाहिर है, ममता बनर्जी इसे राज्य का अपमान बताते हुए अपने पक्ष में जनमत जुटाने का प्रयास करेंगी, पर खुद विपक्षी धड़ा इसे कितनी गंभीरता से लेगा, यह देखने की बात है।

ममता बनर्जी का केंद्र सरकार के साथ टकराव किसी से छिपा नहीं है और न यह पहला मौका था जब वे किसी बैठक या सभा के बीच से उठ कर बाहर निकल आईं। मगर कई लोगों का यह सवाल बना हुआ है कि आखिर नीति आयोग की बैठक में शामिल होने का फैसला उन्होंने किस मकसद से किया। क्या वे इस मौके का इस्तेमाल पश्चिम बंगाल के लिए वित्तीय आबंटन की मांग उठाने के लिए करना चाहती थीं, या सचमुच नीतियों के निर्माण में संघीय उत्तरदायित्व पूरा करने के नेक इरादे से गईं।

अगर सचमुच उन्हें संघीय मर्यादा की परवाह थी, तो इस तरह वे बीच बैठक से नाराज होकर निकली क्यों? फिर यह ढिंढोरा क्यों कि वे विपक्ष की तरफ से अकेले बैठक में शामिल हुईं। अगर उन्हें विपक्ष की परवाह होती, तो वे उसकी बहिष्कार की अपील को इस तरह ठुकरातीं नहीं। उनके बैठक में जाने के बाद से ही कयास लगाए जाने लगे थे कि विपक्ष में टूट शुरू हो चुकी है। पहले ही उनके अनिश्चित रुख की वजह से विपक्ष की लड़ाई कमजोर हुई है और गठबंधन को कई बार असहज स्थितियों का सामना करना पड़ा है।

जब विपक्षी गठबंधन बना था तब ममता बनर्जी ने बड़े जोशो-खरोश के साथ उसमें भागीदारी की थी, फिर वे कांग्रेस की आलोचना करने लगीं। आम चुनाव से पहले जब सीटों की साझेदारी को लेकर बातचीत चलनी शुरू हुई, तो उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। उनके ऐसे अनिश्चित व्यवहार से विपक्षी गठबंधन खुद आश्वस्त नहीं रहता कि वे उसमें शामिल रहेंगी भी या किसी मोड़ पर साथ छोड़ जाएंगी।



संपादक-
गोपाल गावंडे

निश्चित रूप से उनके इस बदलते मिजाज का असर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के मनोबल पर भी पड़ता होगा। जब संसद में उनके सांसद बजट पर चर्चा करते हुए पश्चिम बंगाल की अनदेखी पर तीखा तेवर दिखा चुके थे, तो उन्हें नीति आयोग की बैठक में शामिल होने की सदाशयता दिखाने की जरूरत नहीं थी। कोई भी गठबंधन आपसी सहमति और विश्वास पर टिक पाता है। ममता बनर्जी के अस्थिर फैसलों से आखिरकार विपक्षी एकता पर असर पड़ता है।

राजनीति

# लोकसभा में बरसे राहुल गांधी, कहा- महाभारत में अभिमन्यु जिस चक्रव्यूह में फंसा, वही अब हिंदुस्तान के साथ



**राहुल गांधी ने आज संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने कहा कि कुरुक्षेत्र की लड़ाई में जिस तरह अभिमन्यु को फंसाया गया था उसी तरह इस 21वीं सदी में पूरे हिंदूस्तान को चक्रव्यूह में फंसाया गया है। राहुल ने इसी के साथ बजट की कई कमियों को रेखांकित किया। आइए जानें राहुल के भाषण की बड़ी बातें...**

**नई दिल्ली।** संसद में आज बजट को लेकर चर्चा हुई। इस चर्चा के दौरान भाषण देते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने कहा कि कुरुक्षेत्र की लड़ाई में जिस तरह अभिमन्यु को फंसाया था, उसी तरह इस 21वीं सदी में पूरे हिंदूस्तान को चक्रव्यूह में फंसाया गया है।

राहुल ने इसी के साथ बजट की कई कमियों को रेखांकित किया। आइए जानें राहुल के भाषण की बड़ी बातें...

### देश को चक्रव्यूह में फंसाया गया

राहुल ने आगे कहा कि 6 लोगों ने अभिमन्यु को फंसाकर मारा था और उसी तरह इस समय भी 6 लोग ही देश को चक्रव्यूह में फंसा रहे हैं। राहुल ने कहा इसे पीएम मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, मुकेश अंबानी और अदाणी जी कंट्रोल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ ये 6 लोग ही देश को चलाने का काम कर रहे हैं।

छाती पर चक्रव्यूह का साइन लेकर घूम रहे पीएम- चक्रव्यूह का दूसरा नाम पद्म होता है, मतलब लोटस होता है। 21वीं सदी में नया चक्रव्यूह भी लोटस की शेप में है और उसका चिन्ह पीएम मोदी अपनी छाती पर लगाकर घूमते हैं।

### पहले तोड़ी टांग, अब बैंडेज लगा रहे

राहुल गांधी ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने कोरोना काल में छोटे बिजनेस को खत्म कर दिया। उससे देश की रीड की हड्डी टूट गई है। उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के लिए कुछ नहीं किया गया।

राहुल ने कहा कि एक इंटर्नशिप प्रोग्राम की बात की गई और आपने कहा कि 500 बड़ी कंपनियों में युवाओं को नौकरी दी जाएगी, लेकिन 99 फीसद युवाओं को इससे लेना देना नहीं है, तो इसका मतलब है कि आपने पहले टांग तोड़ दी और फिर बाद में आप बैंडेज लगा रहे हैं।

### ए1 और ए2 चला रहे पूरी अर्थव्यवस्था

राहुल ने आगे कहा कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था केवल दो लोगों के हाथों में है। उन्होंने पहले अडानी और अंबानी का नाम लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा टोके जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि अब मैं नाम नहीं लूंगा लेकिन ए1 और ए2 कह दूंगा।

### किसानों को भी चक्रव्यूह में फंसाया

राहुल ने कहा कि इस सरकार ने किसानों को भी चक्रव्यूह में फंसाया है। उन्होंने कहा कि किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल मुझसे मिलने आया, लेकिन उन्हें मुझसे नहीं मिलने दिया जा रहा था। राहुल ने कहा कि देश के अन्नदाता केवल एमएसपी की लीगल गारंटी मांग रहे हैं, लेकिन बजट में कुछ नहीं किया गया।

### पेपर लीक का उठाया मुद्दा

राहुल ने इसी के साथ पेपर लीक का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को उम्मीद थी कि बजट में वित्त मंत्री नीट पेपर लीक पर कुछ तो बोलेंगी, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं बोला।

## बीच शहर वारदात

# 56 दुकान के पास बंगले में घुसे नकाबपोश बदमाश, साड़ी व्यापारी पर टॉमी से हमला कर जेवर-नकदी लूटे

**56 दुकान के पास रात 3 बजे हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाश साड़ी व्यापारी पर जानलेवा हमला कर जेवर और नकदी लूट ले गए। बदमाश बंगले की पहली मंजिल पर चोरी कर रहे थे, तभी डेंटिस्ट पत्नी को किसी की आहट हुई। उन्होंने पति को जगाया। पति जब ऊपर देखने गए तो बदमाशों ने टॉमी से हमला कर दिया। सिर में वार किया और पेट में भी टॉमी घुसा दी। व्यापारी गंभीर है।**

तुकोगंज पुलिस के अनुसार घटना बंसी ट्रेड सेंटर के सामने स्थित लाल बंगले की है। यहां रहने वाले व्यापारी पलाश (29) पिता राजेंद्र जैन को पत्नी परिधि और मां हीरामणि ने अस्पताल में भर्ती करवाया है। पलाश ने बयान में कहा कि वे और पत्नी हॉल में सो रहे थे। कमरे में मां और पहली मंजिल पर बहन सो रही थी। शुक्रवार रात 3.30 बजे पहली मंजिल पर किसी की आहट हुई। पत्नी को लगा कि बहन किचन में होगी, लेकिन जब आवाज बढ़ी तो पत्नी ने मुझे उठाया।

मैं ऊपर गया तो देखा कि वहां 2 लड़के सामान चुरा रहे हैं। एक ने नारंगी रंग का तो दूसरे ने सफेद रंग का गमछा मुंह पर बांधा था। मैंने उन्हें रोकने की कोशिश की तो नारंगी गमछे वाले लड़के ने उसके हाथ में रखी लोहे की टॉमी से मेरे सिर, हाथ व पेट पर मारा। चक्कर आने के साथ ही खून निकलने लगा। यह देख पत्नी चीखी तो मां और



बहन भी जाग गए। वे ऊपर आए और फिर मुझे नीचे लेकर आए। तब तक बदमाश भाग गए थे।

### अस्पताल में देरी से इलाज मिला

70 वर्षीय मां का आरोप है कि अस्पताल वालों ने कहा कि यह तो पुलिस केस है, इसलिए बाद में इलाज होगा। जब हमने जोर दिया तो बोले कि अभी तो डॉक्टर भी नहीं है। सुबह 9 बजे बाद इलाज शुरू होगा। हमने कई लोगों को फोन लगाया, तब इलाज शुरू हुआ। बदमाशों ने बेटे के पेट में टॉमी घुसा दी, जिससे आंत में असर हुआ है। बेटे का ऑपरेशन हुआ है और वह अभी आईसीयू में है।

### कैमरे हैं, लेकिन रिकॉर्डिंग नहीं

मां ने बताया कि उनके घर में 7-8 कैमरे हैं, लेकिन उनमें रिकॉर्डिंग नहीं होती है। कैमरे वाले ने आज तक उसे ठीक नहीं किया। हमारे यहां पहले भी दो बार चोरी हो चुकी है। पिछली बार एक महीने पहले ही आए चोर ने जेवर चुरा लिए थे। उसे तुकोगंज पुलिस ने पकड़कर आधा माल भी जब्त कर लिया था। एक बार और चोरी हो चुकी है। बंगले में ड्राइवर सहित 5 नौकर काम करते हैं।

### पिछले साल हुई शादी

मां के अनुसार बेटा राजबाड़ा क्षेत्र में साड़ी की दुकान संचालित करने के अलावा रियल एस्टेट का काम भी करता है। बेटे की पिछले साल शादी हुई। दोनों ऊपरी मंजिल में अपने कमरों का रिनोवेशन करवा रहे थे। इसलिए 7-8 दिन से काम वालों का आना-जाना लगा हुआ था। लग रहा है कि काम वालों ने ऊपर का दरवाजा खुला छोड़ दिया। चोर उसी से घुसे थे।

### 2 संदिग्ध दिखे फुटेज में

डीसीपी जोन 3 पंकज पांडे ने बताया, फुटेज में दो बदमाश एक्टिवा से आते दिखे। पहले गाड़ी साइड में लगाई और फिर सुबह 4 बजे जाते दिखे। उनके आने और जाने के लिए फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हो सकता है कि इसमें काम वाले भी शामिल हो, क्योंकि पहली मंजिल का दरवाजा खुला होने से बदमाश अंदर घुसे थे।

# देर रात ड्यूटी से लौट रहे दो को चाकू मारे दोनों के सीने में वार किया, आरोपी फरार



**तुकोगंज इलाके के एक बदमाश ने रविवार देर रात ड्यूटी से लौट रहे दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। तुकोगंज पुलिस ने यश पुत्र धर्मेन्द्र यादव निवासी गोटू की चाल के खिलाफ गंभीर चाकूबाजी की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस यश को तलाश रही है।**

आरोपी यश ने पहले ब्रजेश पुत्र सीताराम यादव निवासी पचंम की फेल को चाकू मारे। ब्रजेश ने बताया कि वह 56 दुकान पर एक रेस्टोरेंट में काम करता है। रात 12 बजे काम करके लौट रहा था। तभी रास्ते में मिले यश यादव ने शराब के नशे में सीने और पेट पर चाकू मार दिया। इससे ब्रजेश सड़क पर गिर गया। उसके दोस्त ब्रजेश को पहले शैल्बी फिर एमवाय अस्पताल ले गए। यहां ब्रजेश का उपचार चल रहा है।

### बार कर्मचारी को भी चाकू मारकर भागा

इसके बाद यश के खिलाफ दूसरी एफआईआर कुंदन बामनिया निवासी पंचम की फेल ने दर्ज कराई। कुंदन ने पुलिस को बताया कि वह रात 2.30 बजे ड्यूटी से घर लौटा था। घर पर बाइक खड़ी करते समय अचानक पीछे से आए यश यादव ने सीने, हाथ और पैर पर चाकू मार दिए। कुंदन ने आवाज लगाई तो दोस्त देवेंद्र और भाई मनोज वहां पहुंचे। वे कुंदन को अस्पताल ले गए।



# रेस्टोरेंट संचालिका से अश्लील हरकत, लोगों ने पकड़कर पीटा

**एमआईजी में एक रेस्टोरेंट एंड बेकरी संचालिका के साथ अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। आरोपी ने उसके घर पर जाकर अश्लील हरकत की और अर्धनग्न हो गया। वह युवती को मारपीट करते हुए सड़क पर ले आया। उसके कपड़े भी फाड़ दिए। पड़ोसियों ने उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया।**

एमआईजी पुलिस के मुताबिक 32 साल की रेस्टोरेंट संचालिका ने सुजीत दया नाम के आरोपी पर छेड़छाड़ सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया है। रविवार को युवती अपनी नानी के साथ घर पर थी। तब आरोपी सुजीत आया और कपड़े खोल कर अपशब्दों का प्रयोग करने लगा। सुजीत की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। उसने संचालिका को पकड़कर बाहर सड़क पर ले आया। यहां अश्लील इशारे कर कपड़े फाड़ दिए। लोगों ने सुजीत की इस हरकत पर उसे पकड़ा और जमकर पिटाई कर दी। बाद में उसे घायल हालत में पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## पत्नी को वीडियो कॉल कर युवक ने फांसी लगाई

इंदौर में एक शख्स ने पत्नी को वीडियो कॉल किया और उसके सामने फांसी लगा ली। पत्नी ने इसकी स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर ली। उसने ससुरालवालों और पुलिस को इसकी जानकारी नहीं दी। घटना परदेशीपुरा में रविवार शाम की है। पुलिस के मुताबिक मनोज (30) निर्मल की पत्नी बच्चे के साथ चार महीने पहले मायके चली गई थी। इससे मनोज दुखी था। इस कारण उसने सुसाइड कर लिया।मनोज ने घर में फांसी का फंदा बनाया। फिर नागदा में रह रही पत्नी जयश्री को वीडियो कॉल किया और वापस लौटने के लिए कहा। पत्नी जब नहीं मानी तो मनोज उसके सामने फंदे से झूल गया।

# बाल्टी से पानी की रॉड का ब्लास्ट, एक की मौत 1 घंटे चालू पड़ी रही रॉड, धमाके के बाद करंट फैल गया था



**इंदौर के हीरानगर में 50 साल के एक व्यक्ति की पानी की गर्म रॉड का करंट लगने से मौत हो गई। बताया जाता है कि रॉड एक घंटे तक बाल्टी में चालू छूट गई थी। पहले बाल्टी में रॉड का ब्लास्ट हो गया, फिर करंट फैल गया। इसी करंट की चपेट में शख्स आ गया।**

हीरानगर पुलिस के मुताबिक गोविंद पुत्र मोहन राव निवासी गौरी नगर की रविवार को हादसे में मौत हो गई। भाई अंकुर ने बताया उन्होंने नहाने के लिए को लोहे की बाल्टी में पानी गर्म करने के लिये रखा था। करीब एक घंटे तक उन्होंने पानी गर्म करने की रॉड बंद नहीं की।

इसके बाद उसमें ब्लास्ट हो गया। जब गोविंद स्विच बंद करने पहुंचे तो उन्हें भी करंट लगा। वह गश खाकर गिर गए। उन्हें भंडारी अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई बाद में शव को एमवाय भेजा गया।

परिवार के मुताबिक गोविंद की शादी हो चुकी है। उनका एक बेटा भी है। लेकिन पत्नी से कई साल पहले तलाक हो चुका है। गोंविद छुटपुट काम करते थे। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

## ई रिक्शा ड्रायवर को लगाया इंफेक्शन वाला इंजेक्शन

इंदौर के चदंन नगर इलाके में रहने वाले एक ई रिक्शा ड्रायवर को दो आरोपियों ने इंफेक्शन वाला इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन के बाद ड्रायवर की तबीयत बिगड़ी। दोनो आरोपी रिक्शा सेउतरकर भाग गए। पीड़ित करीब एक किलोमीटर तक रिक्शा से चदंन नगर चौराहे तक आया। उसने परिवार को जानकारी दी। चेकअप के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी। जिसमें उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

# दुनिया भर में धमाका मचाने के बाद बोले 'डेडपूल', एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है दोस्तों



**डेडपूल एंड वूल्वरिन ने रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। दुनियाभर के दर्शकों को फिल्म काफी पसंद आ रही है। ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड अभिनीत फिल्म घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर आर रेटेड श्रेणी की सबसे बड़ी ओपनर बन गई है। रयान रेनॉल्ड ने फिल्म के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने फिल्म के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग बनने और कई अन्य रिकॉर्ड तोड़ने के लिए दर्शकों का आभार व्यक्त किया।**

रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल एंड वूल्वरिन को मिल रही प्रतिक्रिया से बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म देखने के लिए दर्शकों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, इसे समझना थोड़ा मुश्किल है। मगर इस सप्ताहांत फिल्म देखने आए सभी लोगों का धन्यवाद।

डेडपूल और वूल्वरिन रयान के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बनी है। फिल्म को मिल रही जबर्दस्त प्रतिक्रिया पर ह्यू जैकमैन ने भी जश्न मनाया। उन्होंने अपने वूल्वरिन की एक फैन आर्ट साझा की। इसमें वह एक फ्रेम वाली तस्वीर को बड़ी उत्सुकता से देख रहे हैं। इसपर लिखा है, #1 मूवी इन द वर्ल्ड।

## संजय दत्त ने बनाया अपने 65वें जन्मदिन को और भी खास, खुद के लिए खरीदी एक महंगी कार






बॉलीवुड के चहेते स्टार संजय दत्त आज अपना 65वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस दिन को खास बनाने के लिए उनकी पत्नी और बेटी के अलावा फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग भी उन्हें बधाइयां भेज रहे हैं। इस सबके बीच आज के दिन को और खास बनाने के लिए संजय दत्त ने एक कर खरीदी है। चलिए आपको बताते हैं उन्होंने कौन सी कार खरीदी है और उसकी कीमत क्या है--

संजय दत्त बॉलीवुड अभिनय के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार सुर्खियों में रहते हैं। आज अभिनेता अपना 65वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपने लिए एक शानदार कार खरीदी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो संजय दत्त की इस नई कार को अभी थोड़ी देर पहले ही उनके आवास पर लाया गया है।

संजय दत्त ने रेंज रोवर कार खरीदी है। सूत्रों की मानें तो इस कार की कीमत चार से पांच करोड़ रूपये के बीच होगी। संजय दत्त के फैंस उन्हें इस कार के लिए बधाइयां दे रहे हैं और वे इंतजार कर रहे हैं कि कब संजू बाबा इस कार की सवारी करेंगे।

वहीं संजय दत्त के वर्क फ्रंट की बात करें तो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आने वाले हैं। इनमें घुडचढ़ी से लेकर डबल ईस्मार्ट और वेलकम टू जंगल शामिल हैं।  आज संजय दत्त ने अपने जन्मदिन के मौके पर अपने फैंस के संग अपनी आने वाली फिल्म केडी द डेविलके पोस्टर को साझा किया है। इस फिल्म में संजय दत्त धाक देवा के रूप में नजर आएंगे। संजय दत्त के फैंस में इस फिल्म को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है।



# भारत और अर्जेंटीना के बीच बराबरी पर छूटा मुकाबला, अब आयरलैंड से होगा सामना

**भारतीय हॉकी टीम का सामना पूल बी में 2016 रियो ओलंपिक की चैंपियन अर्जेंटीना हुआ। भारत ने पेरिस खेलों की शुरुआत जीत के साथ की थी और अब टीम अर्जेंटीना से मैच ड्रॉ खेलने में सफल रही। भारत का सामना मंगलवार को आयरलैंड से होगा।**




भारत और अर्जेंटीना के बीच पेरिस ओलंपिक में पूल-बी का मैच अंतिम सीटी बजने तक 1-1 की बराबरी पर छूटा। अर्जेंटीना ने दूसरे क्वार्टर में गोल कर टीम को बढ़त दिला दी थी और भारतीय टीम काफी देर तक बराबरी हासिल करने के लिए जूझ रही थी। अंतिम समय में भारत को मिले पेनाल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल दाग टीम को बराबरी दिलाई। हरमनप्रीत का यह गोल काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ और टीम मैच हारने से बच गई। भारत इस तरह से पेरिस ओलंपिक में अजेय बना हुआ है। भारतीय टीम ने इससे पहले न्यूजीलैंड को हराया था और अब उसका सामना मंगलवार को आयरलैंड से होगा।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 59वें मिनट में गोल दाग कर भारत को 1-1 की बराबरी दिलाई। हरमनप्रीत ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की और ड्रैग फ्लिक के जरिये महत्वपूर्ण गोल दागा।

भारतीय पुरुष टीम तीसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद भी अर्जेंटीना से 0-1 से पीछे चल रही है। अर्जेंटीना ने दूसरे क्वार्टर में बढ़त हासिल की थी जो अब तक बरकरार है। अब 15 मिनट का खेल शेष है और भारत की कोशिश वापसी करने की होगी।

भारतीय टीम अर्जेंटीना के खिलाफ हॉफ टाइम तक 0-1 से पीछे चल रही है। पहले दो क्वार्टर में भारत को दो बार पेनाल्टी कॉर्नर के मौके मिले, लेकिन टीम इसे गोल में बदलने में नाकाम रही।

अर्जेंटीना ने भारत के खिलाफ पेरिस ओलंपिक के पूल बी मैच में गोल कर बढ़त हासिल कर ली है। अर्जेंटीना की ओर से लुकस मार्टिनेज ने 22वें मिनट में मैदानी गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी है। इससे पहले भारत को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला था, लेकिन टीम इसे भुनाने में असफल रही थी। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम कोई गोल नहीं कर सकी।

भारत और अर्जेंटीना के बीच पेरिस ओलंपिक में ग्रुप चरण का मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीमें पहला क्वार्टर समाप्त होने के बाद गोलरहित बराबरी पर चल रही हैं। भारत और अर्जेंटीना दोनों को ही पहले क्वार्टर में एक-एक पेनाल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन दोनों ही टीम गोल करने का मौका गंवा बैठी।

आज भारतीय हॉकी टीम का सामना पूल बी में 2016 रियो ओलंपिक की चैंपियन अर्जेंटीना से जारी है। भारत ने पेरिस खेलों की शुरुआत जीत के साथ की थी और अब टीम को लगातार दूसरी जीत दर्ज करने की उम्मीद होगी। दोनों टीमों के बीच पहले क्वार्टर का खेल जारी है।

पहले मैच में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत से अपने अभियान की शुरुआत की है। हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत आसान नहीं थी। एक समय चौथे क्वार्टर में स्कोर 2-2 से बराबरी पर था। अंतिम क्षणों में कप्तान हरमनप्रीत के पेनाल्टी स्ट्रोक पर किए गोल से जीत मिली। अर्जेंटीना के खिलाफ सोमवार को भी मुकाबला काफी कड़ा होने की संभावना है। दक्षिण अमेरिकी टीम विपक्षी खिलाड़ियों की कड़ी घेराबंदी करने के लिए जानी जाती है। साथ ही उसका पावरगेम भी अच्छा है। ऐसे में भारतीय रक्षा पंक्ति को काफी मुस्तैदी की जरूरत पड़ेगी।



# बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करें, बांधों के गेट खुलने पर ग्रामीणों को करें सूचित -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## बेसमेंट में चल रहे कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा सुनिश्चित करें- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### पुल-पुलियों और रपटों पर बहाव तेज हो तो आवागमन न किया जाए

### अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में सेना भी सहयोग करेगी, कलेक्टर्स समय पर सूचित करें

### मंत्रालय से हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े प्रदेश के सभी जिले

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि वर्षा काल में प्रदेश में कहीं भी जन हानि न हो। इसके लिए सभी कलेक्टर्स अपने नेतृत्व में जिलों में प्रशासनिक अमले को दायित्व सौंपे। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करे। संबंधित अमला चैतन्य रहे और घटना-दुर्घटना के पूर्व आम जनता को आगाह भी किया जाए। अतिवर्षा या बाढ़ की चुनौती से निपटने के लिए समन्वय में कोई कमी नहीं रहना चाहिए। लोगों की जीवन रक्षा के लिए कहीं सेना की जरूरत हो तो कलेक्टर्स समय पर बताएं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा है कि कल दिल्ली में ओल्ड राजेंद्र नगर में हुए एक हादसे में बेसमेंट क्षेत्र में पानी भरने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन युवाओं की असामयिक मृत्यु दुःखद और दर्दनाक है। इस घटना के प्रकाश में मध्यप्रदेश के बेसमेंट में संचालित कोचिंग केंद्रों के सर्वे के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में आज मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वर्षा की स्थिति और कुछ जिलों में बाढ़ की आशंका के संबंध में समीक्षा की। साथ ही जिलों के कलेक्टर्स-कमिश्नर्स से प्रदेश में अतिवर्षा की स्थिति में आवश्यक प्रबंधों को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग ऐसे पुल-पुलियों की जानकारी संकलित करे, जहां पूर्व दुर्घटनाएं में हुई हैं, ऐसे रपटों और पुलों पर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे। पुलों पर पानी का भराव हो तो लोगों को न जाने दें। बांधों से पानी छोड़े तो प्रभावित होने वाले जिलों को अलर्ट करें। तैराक दल भी ऐसे स्थानों पर उपलब्ध रहें। स्थानीय स्तर पर तालमेल रहे। जिलों और तहसीलों की परस्पर जानकारी रहे। अति वर्षा की स्थिति और बाढ़ की चुनौती से प्रशासन को निपटना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोई जनहानि न हो, इसके लिए सजग रहें। निरंतर मानीटरिंग होती रहे। कंट्रोल रूम की ड्यूटी वाले अधिकारी- कर्मचारी 24 घंटे चैतन्य रहें। जरूरत के अनुसार स्काउट- गाइड और सेवा भावी संस्थाओं की सेवाएं अति वर्षा की स्थिति में प्राप्त करें।

### आवश्यक सेवाओं में बाधा न हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्षा के दिनों में पेयजल आपूर्ति में स्वच्छता का ध्यान रखें। आम जनता को जीवन की उपयोगी वस्तुएं बिना बाधा के मिलती रहें। आवश्यक सेवाओं को सुनिश्चित किया जाए। वर्षाकाल में उत्पन्न समस्याओं के कारण मवेशियों की मृत्यु भी हो जाती है। कहीं मृत मवेशी न रखे रहें, उनको उठवाने का कार्य समय पर किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन पुल-पुलियों अथवा रपटों पर जल बहाव तेज हो, वहां से नागरिकों को आवागमन न करने दिया जाए। उनकी जीवन रक्षा के लिए आवश्यक तैराक दल भी ऐसी जगह पर उपलब्ध रहना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र का जिले और तहसील से संपर्क रहे। जहां दुर्घटना की या जल भराव ज्यादा होने के आशंका है, आवश्यक ध्यान रखा जाए।

कटनी के परिवार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से राशि मंजूर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हाल ही में जबलपुर,मंडला और कटनी जिलों में अति वर्षा से कुछ नागरिकों की असमय मृत्यु हुई है, जो पीड़ादायक है। ऐसी दुर्घटनाएं आगे न हों, यह सुनिश्चित किया जाए। जहां लोग पिकनिक मनाने के लिए जाते हैं, ऐसी नदियों और तालाबों पर बचाव दल की आवश्यक व्यवस्था रखी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुछ जिलों में अधिक वर्षा से हुई जन हानि को दुखद बताया। उन्होंने विशेष रूप से कटनी जिले में एक कुएं में गिरने से चार लोगों की मृत्यु पर भी दुख व्यक्त किया। इस प्रकरण में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवार के वैध वारिसों को 4-4 लाख रुपए के मान से 16 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से मंजूर की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसी दुर्घटनाएं नहीं होना चाहिए। खुले बोरवेल भी बंद हों। ऐसी लापरवाही से किसी की जान जा सकती है। नागरिक स्वयं सजग रहें और प्रशासनिक अमला भी सक्रिय और सजग रहे।

### मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सावन के महीने में मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना- जाना निरंतर होता है। इसका जिले वार आकलन किया जाए। त्यौहारों पर नागरिकों के धर्म स्थलों पर जाने के मार्ग और उन स्थानों पर भी आवश्यक सुरक्षा आवश्यक है, जो धर्मस्थल जल स्रोतों के पास या नदियों के पास हैं। ऐसी जगहों पर जहां जल स्तर बढ़ सकता है, वहां सुरक्षा की दृष्टि से निरंतर नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कमिश्नर उज्जैन, कलेक्टर शाजापुर, नर्मदापुरम, जबलपुर और कटनी से वर्षा की स्थिति और बाढ़ की आशंका के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए।

### बेसमेंट में चलने वाले कोचिंग संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश जारी

प्रमुख सचिव नगरीय विकास श्री नीरज मंडलोई ने बताया किमुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में बेसमेंट में चल रहे कोचिंग के स्थानों में जल भराव होने पर जल निकासी की व्यवस्था देखने और सुरक्षित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि 16 नगर निगम कमिश्नर्स भी वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े हैं। उन्हें बेसमेंट में चल रहे कोचिंग संस्थानों, धर्मशालाओं और संस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभिन्न नगर- कस्बों में निचली बस्तियों में भी आवश्यक सावधानियां बरतने एवं कच्चे मकानो में बिजली के करंट फैलने से वर्षा काल में उत्पन्न होने वाली समस्या के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए गए हैं।




## ट्रैफिक लोड घटेगा...

# 21 किमी इकोनॉमिक कॉरिडोर व 22 किमी अहिल्या पथ बन जाए तो भारी वाहन होंगे शहर से बाहर

### दोनों प्रोजेक्ट मूर्त रूप लें तो पीथमपुर, इंदौर, उज्जैन व देवास औद्योगिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी आसान बनेगी, नई बसाहट आएगी

**इन्दौर। 21 किलोमीटर का इकोनॉमिक कॉरिडोर और 22 किलोमीटर का अहिल्या पथ, ये दोनों ऐसे प्रोजेक्ट हैं, जो मूर्त रूप लें तो एमआर-10, एमआर-11 व एमआर-12 से शहर में होकर आवाजाही कर रहे भारी वाहन लगभग बाहर हो जाएंगे। इससे ट्रैफिक तो सुगम होगा ही, दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। साथ ही पीथमपुर, इंदौर, उज्जैन व देवास औद्योगिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी भी आसान बनेगी। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रस्तावित है। इसे मप्र स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीएसआईडीसी) बनाएगा।**

21 किमी का यह कॉरिडोर एयरपोर्ट के समीप सुपर कॉरिडोर से रिजलाय सर्कल होते हुए धार रोड को क्रॉस करेगा। यहां से रंगवासा, राऊ होते हुए पीथमपुर तक जाएगा। इसके दोनों ओर 300-300 मीटर अलग-अलग इंडस्ट्रियल, कमर्शियल और आवासीय जोन होंगे। अहिल्या पथ इसे रिजलाय फाटे पर जोड़ेगा। अहिल्या पथ का निर्णय बीते दिनों आईडीए बोर्ड बैठक में लिया गया था। दोनों प्रोजेक्ट में बड़ी चुनौती जमीन अधिग्रहण की है।

#### शहर विस्तार व नई बसाहट हो सकेगी

ट्टअहिल्या पथ की योजना में फिनटेक व गोल्फ सिटी जैसे कॉन्सेप्ट विकास को नए आयाम देंगे। प्रस्ताव जल्द ही सरकार को भेजेंगे।

*– दीपक सिंह,*
*संभागायुक्त व चेयरमैन आईडीए*

**1. विकास की दिशा बदलेगी** – वर्तमान में शहर का विकास राऊ, पीथमपुर, महू, सिमरोल की ओर हो रहा है। अहिल्या पथ बनने से आवासीय विकास उज्जैन-सांवेर-बेटमा-धार की ओर भी बढ़ने लगेगा, क्योंकि पश्चिम क्षेत्र से कनेक्टिविटी खुल जाएगी। बड़ा फायदा पीथमपुर सेक्टर 7 को होगा।

**2. भारी वाहन कम होंगे** -अहिल्या पथ बनने से एबी रोड-बायपास टच होने से पीथमपुर, उज्जैन, धार-अहमदाबाद की ओर जाने वाले वाहन इस सड़क का उपयोग करके चले जाएंगे। इसका परिणाम यह होगा कि शहर से भारी वाहनों का दबाव कम हो जाएगा। लवकुश चौराहा, सुपर कॉरिडोर पर भी भारी वाहन कम आएंगे।

**3. आवासीय विकास** - एमआर-10 बन चुका है। एमआर-11 के टेंडर हो गए हैं। अहिल्या पथ और मास्टर प्लान की इन सड़कों के बनने से ?बायपास मांगलिया, देवास नाका, उज्जैन रोड, सुपर कॉरिडोर के आसपास आवासीय टाउनशिप, कॉलोनियों को सर्कुलेशन रोड मिलेंगे।




**4. धार रोड से सीधी कनेक्टिविटी**-अहिल्यापथ बनने का फायदा बायपास के आसपास राऊ सर्कल तक हो रही आवासीय बसाहट को भी होगा। मांगलिया के बाद पीथमपुर के लिए दो रास्तों का विकल्प मिलेगा। अहमदाबाद, गुजरात जाने वाले वाहन बंट जाएंगे। सेक्टर के अनुसार ट्रैफिक का वितरण होने से बायपास के ट्रैफिक लोड में भी कमी आएगी।




## इंदौर-कोटा के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी

### 30 जुलाई से होगी शुरुआत, पढ़िए दोनों तरफ का क्या है टाईम टेबल

यात्रियों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोटा-इंदौर के बीच 09804/09803 कोटा इंदौर कोटा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चार-चार फेरे चलेगी।

वरिष्ठ जन संपर्क अधिकारी रतलाम प्रदीप शर्मा ने बताया कि गाड़ी संख्या 09804 कोटा इंदौर स्पेशल 30 जुलाई 2024 से 20 अगस्त 2024 तक कोटा से प्रति मंगलवार को 14.10 बजे चलेगी। ट्रेन 18.15 बजे नागदा, 19.25 बजे उज्जैन और 20.10 बजे देवास होते हुए 21.00 बजे इंदौर स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09803 इंदौर कोटा स्पेशल 30 जुलाई 2024 से 20 अगस्त, 2024 तक इंदौर से प्रति मंगलवार को 22.40 बजे चलेगी। ट्रेन देवास 23.26 बजे, उज्जैन 23.40 बजे और नागदा 01.20 बजे होते हुए बुधवार को 06.25 बजे कोटा पहुंचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में रामगंज मंडी, भवानी मंडी, शामगढ़, सुवासरा, चौमहला, विक्रमगढ़ आलोट, महिदपुर रोड, नागद, उज्जैन एवं देवास स्टेशनों पर स्टॉप रहेगा। इस ट्रेन में सेकंड एसी, थर्ड एसी, थर्ड एसी इकोनॉमी, स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

## निगम से नाराज कंसल्टेंट, 200 नक्शे रोके

# दो बार शुल्क वसूली और छोटे नक्शों में भी पार्किंग का विरोध कर रहे इंजीनियर

**इन दिनों निगम की भवन शाखा और निजी कंसल्टेंट आमने-सामने हो गए हैं। इसकी वजह पुराना नियम है, जिसके आधार पर नक्शे रोके जा रहे हैं। इंजीनियरों का कहना है कि सभी आवासीय नक्शे इसलिए रोके जा रहे हैं, क्योंकि भवन मालिकों से एमओएस के अलावा पार्किंग की जगह छोड़ने की मांग की जा रही है।**



उनका कहना है कि अगर छोटा प्लॉट होगा तो वह पार्किंग की जगह कैसे छोड़ेगा। कंसल्टेंट्स का कहना है कि कवर पार्किंग के नाम पर 35 फीसदी तक जमीन पर निर्माण नहीं करने के लिए कह रहे हैं, जबकि नियमानुसार 10 फीट आगे और 5 फीट पीछे की ओर एमओएस छोड़ने का नियम है। 20 बाय 50 के प्लॉट में साढ़े 10 मीटर जगह बचती है। उसमें भी 3 बाय 6 मीटर पार्किंग की जगह छोड़ने के लिए कहा जा रहा है। 800 वर्ग फीट प्लॉट वाला कैसे जगह छोड़ेगा।

यह आपत्तियां ले रहे प्राइवेट इंजीनियर

किसी का एक मंजिल मकान यदि बन चुका है तो वह दूसरी मंजिल नहीं बना पाएगा। 200 से ज्यादा नक्शे निरस्त कर दिए।

800 फीट वाले नक्शे भी अटक गए हैं।

1500 वर्ग फीट का एक नक्शा पास कर दिया। 4 दिन बाद दूसरा नक्शा रोक दिया।

अन्नपूर्णा रोड पर बिल्डिंग बनी है। नियम के अनुसार 30 फीट एमओएस नहीं छोड़ा गया। फिर निगम ने कार्रवाई क्यों नहीं की?

फीस मेमो अलग-अलग निकाल रहे हैं।

नक्शा जमा करवाते समय आवेदन शुल्क देते हैं। फीस मेमो में भी आवेदन शुल्क जुड़कर आता है। यानी दो बार शुल्क भरना पड़ता है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )